पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

कुलपति प्रो0 एस0बी0 निमसे का कार्यकाल छः माह बढ़ा

लखनऊ: 10 मई, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति लखनऊ विश्वविद्यालय श्री राम नाईक ने लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 एस0बी0 निमसे का कार्यकाल बढ़ा दिया है। प्रो0 निमसे कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय का कार्यकाल छः माह की अवधि या नियमित कुलपति की नियुक्ति अथवा अग्रिम आदेशों, जो भी पहले हो, तक की अवधि के लिए विस्तारित किया गया है।

ज्ञातव्य है कि 12 मई, 2016 को प्रो0 एस0बी0 निमसे का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। कतिपय कारणों से नियमित कुलपति की नियुक्ति किये जाने में कुछ समय लगने की सम्भावना है। इस आशय की जानकारी आज यहां राज्यपाल की प्रमुख सचिव सुश्री जूथिका पाटणकर ने दी है।

अंजुम/ललित/राजभवन (179/14)